काली कमली वाला मेरा यार है,काली कमली वाला मेरा यार है

मेरे मन का मोहन तु दिलदार है, तु मेरा यार है, मेरा दिलदार है ।

काली कमली वाला मेरा यार है, मेरे मन का मोहन तु दिलदार है ।।

1. मन मोहन में तेरा दीवाना, गाउँ बस अब यही तराना ।श्याम सलोने तू मेरा रिजवार है, तू मेरे मन का मोहन तु दिलदार है ।

काली कमली वाला मेरा यार है,मेरे मन का मोहन तु दिलदार है ।।

2. तु मेरा मैं तेरा प्यारे,यह जीवन अब तेरे सहारे ,हाथ तेरे अब इस जीवन की पतवार है, मेरे मन का मोहन तु दिलदार है

काली कमली वाला मेरा यार है,मेरे मन का मोहन तु दिलदार है ।।

3. पागल प्रीत की एक ही आशा, दर्दे दिल दर्शन का प्यासा ,तेरे हर वादे पे मुझे ऐतबार है, मेरे मन का मोहन तु दिलदार है ।

काली कमली वाला मेरा यार है, मेरे मन का मोहन तु दिलदार है ।।

4. तुझको अपना मान लिया है, यह जीवन तेरे नाम किया है,चित्र विचित्र को बस तुमसे ही प्यार है, मेरे मन का मोहन तु दिलदार है ।

काली कमली वाला मेरा यार है, मेरे मन का मोहन तु दिलदार है ।।